-56-

अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

287/2021/बाज़ुलाईडिया सजनपतरामियां V/S राजेन्द्र कुमार

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
	2021/287 श्री कृष्ण कुमार शर्मा श्री रामजीलाल-1 4A-5	

26.8.22 प्रार्थना–पत्र वास्ते बाजदायरी का बाजदायरी प्रार्थना–पत्र (आदेश 41 नियम 19 व सपठित धारा 151 जा.दी.) प्रस्तुत हुआ। अभिभाषक प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या 01 को दिनांक 12.08.2022 को उक्त प्रार्थना पत्र पर सुना गया।

अभिभाषक प्रार्थी ने दौराने जवाब बहस निवेदन किया कि दिनांक 25.11.2021 को तारीख पेशी नियम थी, प्रार्थी के अधिवक्ता के अचानक पेट में तकलीफ हो जाने के कारण न्यायालय में उपस्थित नही हो पाये तथा चिकित्सकीय परामर्श में व्यस्त होने से प्रार्थी को भी तारीख पेशी बाबत् अवगत नहीं करवा पाये फलस्वरूप प्रकरण को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज फरमा दिया गया पूर्ण में नियम तारीख पेशियों पर प्रार्थी के अधिवक्त नियमित रूप से उपस्थित होते रहे है। उक्त त्रुटि सद्भाविक है जिसे क्षमा कर बाजदायरी के बाजदायरी प्रार्थना–पत्र को स्वीकार कर बाजदायरी (रेस्टोरेशन) प्रार्थना–पत्र को पुनः नम्बर पर लिया जावें।

अभिभाषक अप्रार्थी संख्या 01 ने दौराने जवाब बहस प्रार्थना–पत्र में निवेदन किया कि अभिभाषक अपीलांट के द्वारा अपील भी कई बार अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज हो चुकी है तथा उसके पश्चात प्रस्तुत बाजदायरी प्रार्थना–पत्र भी अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज की गई।अभिभाषक प्रार्थी इसको गंभीरता से नही ले रहे है तथा न्यायालय का समय बर्बाद कर रहे है। मान्नीय न्यायालय से अनुरोध है कि बाजदायरी के बाजदायरी प्रार्थना पत्र को खारिज फरमाया जावें।

अभिभाषक उभयपक्ष के द्वारा की गयी बहस पर मनन किया गया एवं प्रार्थना–पत्रो व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन न्यायहित में 200/–रूपये दो सौ कोस्ट पर स्वीकार किया जाना उचित समझते है। कोस्ट की राशि अभिभाषक अप्रार्थीगण को दी जावें।

अतः प्रार्थना–पत्र वास्ते बाजदायरी का बाजदायरी प्रार्थना–पत्र (आदेश 41 नियम 19 व सपठित धारा 151 जा.दी.) स्वीकार किया जाता है तथा मूल बाजदायरी प्रार्थना–पत्र (आदेश 41 नियम 19 जा.दी.) को पुनः दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते है! प्रार्थना–पत्र फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।

(हस्ताक्षर)
राजस्व अपील प्राधिकारी
अजमेर कैम्प दूदू